कार्यालय आवासीय अभियन्ता, पी.एच.ई. (प्रथम)
राजस्थान आवासन मण्डल, मानसरोवर जयपुर

सेक्टर-8, शंकराचार्य मार्ग, पानी की टंकी, मानसरोवर, जयपुर, ई-मेल
rejprphe1.rhb@rajasthan.gov.in, rejprphe1@gmail.com,

क्रमांक : 08 दिनांक : 06/4/2018

सहायक निदेशक (जनसम्पर्क)
राजस्थान आवासन मण्डल
जयपुर।

विषयः– निविदा सूचना प्रकाशित करवाने बाबत।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि संलग्न निविदा सूचना संख्या 01/2018-19 को पी.डब्ल्यू. एफ. एण्ड ए.आर. के पेज संख्या 139 व 140 के अनुसार बोर्ड नियमानुसार समाचार पत्रों में प्रकाशित करवाने का कष्ट करें तथा उक्त निविदा का जिन समाचार पत्रों में प्रकाशन करवाया जा रहा है। उन पत्रों की 1-1 प्रति अधोहस्ताक्षरकर्त्ता कार्यालय को प्रेषित करवाने की व्यवस्था करें।

(ऋषि कुमार शर्मा)
आवासीय अभियन्ता
पी.एच.ई. खण्ड-प्रथम
रा. आ. मण्डल जयपुर

कार्यालय आवासीय अभियन्ता, पी.एच.ई. (प्रथम)
राजस्थान आवासन मण्डल, मानसरोवर जयपुर

सेक्टर-8, शंकराचार्य मार्ग, पानी की टंकी, मानसरोवर, जयपुर, ई-मेल
rejprphe1.rhb@rajasthan.gov.in, rejprphe1@gmail.com

क्रमांक : 08 दिनांक : 06/4/2018

निविदा सूचना संख्या 01/2018-19 (वेब साईट पर अपलोड करने हेतु)

राजस्थान आवासन मण्डल की ओर से मण्डल की प्रताप नगर, जयपुर की आवासीय योजना में निम्नलिखित कार्य की बिड ई-टेण्डरिंग के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। बिड प्रपत्र ई-प्रोक की साईट से ऑनलाईन दिनांक 16.04.2018 से दिनांक 30.04.2018 सायं 6.00 बजे तक डाउन लोड एवं अपलोड किये जा सकते है। ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया में सिविल कार्यो हेतु राजस्थान आवासन मण्डल में समुचित वर्ग व अन्य विभागों के एए* एवं ए * श्रेणी के पंजीकृत संवेदक भाग ले सकते है।

संवेदक को ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया में बिड़ प्रस्तुत करते समय बिड़ में पंजीकरण की प्रति, अनुभव प्रमाण-पत्र, जी॰एस॰टी॰ (GST) पंजीयन की सत्यापित प्रति, अंडरटेकिंग एवं परफॉर्मा A, B, C, D अपलोड करने होगे । अन्य विभागों में पंजीकृत संवेदकों को अमानत राशि हेतु निविदा राशि की 2 प्रतिशत एवं राजस्थान आवासन मण्डल में पंजीकृत संवेदकों को 0.5 प्रतिशत निविदा शुल्क की डी॰डी॰ तकनीकी बिड के साथ प्रस्तुत करनी होगी, जो कि आवासीय अभियन्ता, पी॰एच॰ई॰ खण्ड-प्रथम, मानसरोवर, जयपुर के पक्ष में देय होगी। ई-टेण्डरिंग शुल्क रुपये 1000/- का डी॰डी॰ एम॰डी॰आर॰आई॰एस॰एल॰ जयपुर के पक्ष में देय होगा। बिड के अपलोड प्रपत्र के मूल प्रपत्र एवं प्रोफार्मा A, B, C, D, दिनांक 01.05.2018 को दोपहर 3.00 बजे तक खण्ड कार्यालय में जमा करानें होगें।

क्र. सं.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (लाख) में	निविदा शुल्क (रु.) GST अतिरिक्त	कार्य अवधि	यू॰बी॰एन॰ नम्बर
1.	Laying and Jointing of sewer line at newly constructed houses for repairing of sewer line at M.P. Nagar, Bikaner.	8.40	1000/-	03 माह	RHB1819WSOB-00005

कार्य की बिड़ दिनांक 02.05.2018 को प्रातः 11.00 बजे आवासीय अभियन्ता ई-प्रोक जयपुर के कार्यालय में खोली जायेगी। बिड़ खोलने के दिनांक पर राजकीय अवकाश होने पर बिड़ अगले कार्य दिवस को खोली जायेगी। बिड़ प्रपत्र के सम्बन्ध में अन्य जानकारी सम्बन्धित खण्ड से भी प्राप्त की जा सकती है।

*अन्य विभागों में 'एए' श्रेणी के पंजीकृत संवेदक 1.50 करोड़ से अधिक के समस्त कार्यो एवं 'ए' श्रेणी के पंजीकृत संवेदक 1.50 करोड़ से अधिक एवं 3.00 करोड़ तक के कार्यो की बिड में ही भाग ले सकेगे।

आवासीय अभियन्ता
खण्ड पी॰एच॰ई॰-प्रथम, रा॰ आ॰ मण्डल
जयपुर

प्रतिलिपि :- सूचनार्थ

1. निजी सचिव, अध्यक्ष/आवासन आयुक्त, राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर।
2. मुख्य अभियन्ता-प्रथम, राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर।
3. अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता-द्वितीय, राजस्थान आवासन मण्डल, जोधपुर
4. उप आवासन आयुक्त, राजस्थान आवासन मण्डल, वृत-बीकानेर
5. आवासीय अभियन्ता, ई-प्रोक, राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर।
6. मास्टर फाईल।

आवासीय अभियन्ता